हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

11 दो जोड़ों का आदर्श विवाह, समाज के प्रतिभावान ...



12 2,950 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण





## खबर संक्षेप

### कोड़ेबोड़ में श्याम संकीर्तन 10 को

अंवरी। ग्राम कोड़ेबोड़ में 10 अप्रैल शुक्रवार को शाम 7 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। भजन प्रवाहक विनय अग्रवाल रायपुर होंगे। आरु साहू नगरी एवं भजन प्रवाहक विकास भाटापारा भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति जुटी हुई है।

### राज्यस्तरीय औद्योगिक आपदा प्रशिक्षण कल

धमतरी। राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक आपदाओं से प्रभावी रूप से निपटने हेतु राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य स्तरीय औद्योगिक आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल को किया जाएगा। जिले में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय स्थित स्वान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष क्रमांक 70 एनआईसी कक्ष में दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

धमतरी। स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मगरलोड में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना अंतर्गत वर्तमान में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन पाठ्यक्रम में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। वे युवा जिन्होंने न्यूनतम 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया है कि इस पाठ्यक्रम के लिए किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं होगा। यह पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक उम्मीदवार 30 अप्रैल तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

### युवक ने की आत्महत्या

धमतरी। मानसिक बीमारी से पीड़ित एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी बसंत साहू पिता बलराम उम्र 24 वर्ष की 4-5 साल से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसका रायपुर के एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा था। युवक इससे पहले भी 6 बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। मंगलवार को युवक अपने घर की छत पर उल्टी कर रहा था। बड़ा भाई वीरेंद्र साहू ने उसे अस्पताल चलने के लिए कहा जिस पर युवक ने मना कर दिया। बड़े भाई ने पड़ोसियों की मदद से बसंत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मंगलवार की शाम मौत हो गई।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में धमतरी की छलांग, टॉप-3 में हुई एंट्री

## अब तक 41 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत धमतरी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। फरवरी 2026 तक पांचवें स्थान पर रहने वाला जिला अब दो पायदान ऊपर चढ़कर टॉप-3 में शामिल हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की लगातार समीक्षा और अधिकारियों की सख्त मॉनिटरिंग से आवास निर्माण कार्यों में तेजी आई है।





जिले में वर्ष 2024 से अब तक 41 हजार से अधिक हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ देने की स्वीकृति मिली है। इनमें से 28 हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से जारी है। सभी पात्र हितग्राहियों के खाते में चरणबद्ध तरीके से डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जा रही है।

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को कुल 1.20 लाख रुपये तीन किस्तों में प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक 37 हजार से अधिक हितग्राहियों ने प्लिंथ लेवल तक का निर्माण पूरा कर लिया है। अधिकारियों का दावा है कि शेष कार्य भी जल्द पूर्ण कर जिले को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।

### धमतरी ब्लॉक 5705 आवास पूर्ण कर पहले तो कुरुद दूसरे स्थान पर

ब्लॉकवार स्थिति की बात करें तो धमतरी ब्लॉक 5705 आवास पूर्ण कर पहले स्थान पर है, जबकि कुरुद ब्लॉक दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वहीं मगरलोड ब्लॉक अपेक्षाकृत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। हालांकि कुछ तकनीकी समस्याएं भी सामने आई हैं। करीब 2590 हितग्राहियों के खाते में ई-केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण पहली किस्त की राशि नहीं पहुंच पाई है, जबकि लगभग 9947 हितग्राहियों को दूसरी किस्त मिलने में भी दिक्कतें आ रही हैं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए हैं।

## खाद्य औषधि प्रशासन का धुआंधार अभियान, थोक में नोटिस जारी

# बिना लाइसेंस चल रही पानी फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिना लाइसेंस के चल रही एक पानी की फैक्ट्री को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने सील कर दिया है। इस दौरान पेय पदार्थों की सघन जांच की गई, जिसमें कई पानी पाउच जब्त किए गए हैं। कई पेय पदार्थों के नमूने लिए गए हैं। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए रायपुर प्रयोगशाला भेजा गया है।

गर्मी शुरू होते ही पेय पदार्थों की डिमांड शुरू हो गई है। इस दौरान कई जगहों पर गुणवत्ताहीन पेय पदार्थों की बिक्री की जाती है। स्थिति को देखते हुए खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने गैर मादक पेय पदार्थों विशेष रूप से जल आधारित, सुगंधित, कार्बोनेटेड एवं गैर-कार्बोनेटेड पेय पदार्थों की गुणवत्ता जांच की। जिले के सभी विकासखंड में पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर, एडिबल आइस, कैंडी, फ्रूट ड्रिंक, शरबत, स्क्वैश, गन्ना जूस, मैंगो जूस आदि की सघन जांच की जा की। इस अभियान के तहत ओसेनो ब्रांड के पानी पाउच बिना बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं बेस्ट बिफोर अंकित पाए जाने पर जब्त किए गए तथा विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया। धमतरी बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित पवित्र जल पानी पाउच निर्माण इकाई बिना वैध खाद्य अनुज्ञप्ति के संचालित हो रही थी, जिसे सील कर दिया गया है। जिले में संचालित सभी आइस फैक्ट्री एवं पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर इकाइयों को नोटिस जारी कर निर्धारित मानकों के अनुरूप उत्पादन एवं विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।





### कई नमूने प्रयोगशाला भेजे गए

सिहावा मिनरल्स से पानी पाउच एवं भोजवानी आइस फैक्ट्री से आइस वाटर के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। शांति कॉलोनी चौक स्थित गोलू फल भंडार से मैंगो जूस का नमूना संकलित किया गया, जहां मौके पर जूस के रंग को आकर्षक बनाने के लिए अखाद्य गाय छाप रंग मिलाए जाने की पुष्टि हुई। संबंधित नमूने को परीक्षण हेतु भेजते हुए नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

### होगी कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सभी फल जूस विक्रेताओं एवं गैर अल्कोहलिक पेय पदार्थ निर्माताओं, विक्रेताओं से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। जूस में किसी भी प्रकार के अखाद्य रंग अथवा कृत्रिम मिठास के लिए शुगर सीरप का उपयोग न करें। उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया है कि पैक्ड पेय पदार्थ खरीदते समय लेबलिंग, निर्माण तिथि एवं गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। किसी भी प्रकार की मिलावट या अनियमितता की सूचना संबंधित विभाग को दें।

# मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने से बढ़ा हादसों का खतरा

## कार्रवाई के अभाव में नियमों की अनदेखी, कम किराए के लालच में लोग उठा रहे रिस्क





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कार्रवाई के अभाव में मालवाहक वाहनों में धड़ल्ले से यात्रियों को ढोया जा रहा है। इससे गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती है। इन मालवाहक वाहनों में लोगों को ठूंस ठूसकर भरा जाता है। यह दृश्य नेशनल हाईवे सहित ग्रामीण अंचल की सड़कों में देखा जा सकता है। शादी सीजन में पिकअप मेटाडोर में अक्सर लोगों को लाने ले जाने का काम होता रहता है। लोग पैसे बचाने के चक्कर में इन वाहनों में सफर करते है, क्योंकि मालवाहक वाहन बस या अन्य वाहनों की अपेक्षा कम किराये पर मिल जाते हैं। मालवाहक वाहनों में सफर करने से दुर्घटना का खतरा बने रहने के बाद भी यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन वाहनों में धड़ल्ले से यात्री परिवहन कराकर लोगों के जीवन को दांव पर लगाया जा रहा है।

### शहर में ई-रिक्शा और ई-ऑटो का आतंक

शहर की सड़कों पर इन दिनों ई रिक्शा व ई आटो आतंक मचा रहे हैं। इन वाहनों की स्पीड इतनी ज्यादा रहती है कि बाइक को भी पीछे छोड़कर आगे निकल जा रहे हैं। वहीं सदर की सड़कों पर ये वाहन बेलगाम हो चुके हैं। चालक सदर मार्ग में सवारी बिठाने कहीं भी अचानक आटो को रोक देते हैं या मोड़ देते हैं जिसके कारण आगे पीछे आने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से बेवजह चालक घायल हो जाते हैं। लोगों ने यातायात पुलिस से हाईस्पीड ई आटो की गति पर लगाम कसने की मांग की है।

# युद्ध का असर : खाने का तेल हुआ तीन सौ रुपए महंगा

धमतरी। पिछले करीब 49 दिन से इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जारी है जिसका असर खाद्य तेलों में भी दिख रहा है। दुकानदार रवि ओझा ने बताया पिछले 15 दिनों के भीतर खाद्य तेल में प्रत्येक पीपा में करीब तीन सौ रुपये की तेजी आई है। पहले जो खाद्य तेल 2050 रूपये में बिकता था अब वह 2350 में बिक रहा है। थोक व्यापारियों ने बताया कि खाद्य तेलों का रॉ मटेरियल बाहरी देशों से आता है जिसकी वजह से तेल के दाम बढ़ रहे हैं। इस सीजन में खाद्य तेलों की अच्छी बिक्री होती है। मगर लोग तेल के बढ़े हुए दाम की वजह से तेल पीपा लेने से कतरा रहे हैं जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। उनका यह भी कहना है कि पहले टिन में 50, 100 रुपये की वृद्धि होती थी लेकिन पिछले 15 दिनों में इतनी ज्यादा वृद्धि कभी नहीं हुई। वहीं इसे कालाबाजारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

# महुआ शराब का परिवहन करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ रूद्री पुलिस ने की कार्रवाई

स्कूटी से बिक्री के लिए महुआ शराब का परिवहन कर रहे दो युवकों को रूद्री पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

मादक पदार्थों एवं असवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रुद्री पुलिस को मुखबिर से गंगरेल डेम पुल के पास दो व्यक्ति द्वारा स्कूटी में अवैध रूप से महुआ शराब को बिक्री के लिए ले जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस तत्काल रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान स्कूटी सवार दो युवक वहां से गुजर रहे थे। पुलिस ने युवकों को रोककर पूछताछ की। स्कूटी की तलाशी लेने पर 18 पैकेट कुल 12 लीटर महुआ शराब कीमत 2400 रुपए बरामद की गई। पुलिस ने स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एजे 1576 व अवैध महुआ शराब को जब्त कर रुद्री थाना में धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी कमलदेव मरकाम पिता रघुनाथ उम्र 20 वर्ष ग्राम बोरिदखुर्द थाना रुद्री व चुम्मनलाल नेताम पिता तिहारराम उम्र 45 वर्ष ग्राम कोटरवाही थाना मगरलोड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



# सब्जी मंडी परिसर में सीसी रोड बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

थोक सब्जी मंडी में सड़क का अभाव है, जिसके चलते व्यवसायियों को परेशानी उठानी पड़ती है। थोक बाजार होने के कारण यहां पर बड़ी-बड़ी गाड़ियां रोज आती हैं। खराब सड़क से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। व्यवसायियों ने सब्जी मंडी परिसर में शीघ्र ही सीसी सड़क बनाने की मांग की है।

कलेक्टर से शिकायत करते हुए थोक सब्जी व्यवसायियों ने बताया कि इतवारी बाजार में थोक सब्जी मंडी का संचालन हो रहा था, जहां पर ट्रैफिक की समस्या काफी अधिक थी। दिन ब दिन समस्या बढ़ती जा रही थी। स्थिति को देखते हुए थोक सब्जी मंडी को अस्थायी तौर पर कृषि उपज मंडी में शिफ्ट किया गया है। व्यवस्थापन के तहत सब्जी व्यवसायियों को यहां पर शॉप कम गोदाम को सब्जी व्यवसाय के लिए दिया गया है। सब्जी मंडी के स्थानांतरण को कई साल बीत गए हैं, लेकिन अब तक यहां पर सड़क नहीं बनाई गई है, जिससे व्यवसायियों सहित किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने शीघ्र ही सब्जी मंडी परिसर में सीसी रोड बनाने की मांग की है।



# लो-वोल्टेज और अंधाधुंध कटौती से मचा हाहाकार

■ आक्रोशित किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी और उमस के बढ़ते प्रकोप के बीच लो-वोल्टेज और लगातार विद्युत कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। समस्या से परेशान किसानों और ग्रामीणों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा, जब वे बड़ी संख्या में विद्युत वितरण कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी में पंखा और कूलर बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं लो-वोल्टेज के कारण पानी के पंप पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे, जिससे पेयजल संकट गहराने लगा है।



किसानों की स्थिति और भी गंभीर है। अनिल साहू और राम पटेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे रबी धान की फसल सूखने लगी है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि धमतरी संभाग में गर्मी के कारण बिजली की खपत सामान्य 90 मेगावाट से बढ़कर 150 मेगावाट तक पहुंच गई है। बढ़ती मांग के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक कटौती की जा रही है, जबकि शहरी क्षेत्र में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

ग्रामीणों ने बिजली कटौती की अवधि अधिकतम 3 घंटे करने और लो-वोल्टेज की समस्या को जल्द दूर करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## डुबान प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

# साइंस पार्क से कलेक्ट्रेट तक मिला नया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर डुबान प्रभावित क्षेत्रों के ग्राम पंचायत अरौद बारबांध, उरपुटी और पहरियाकोना स्कूल के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, क्षमता निर्माण एवं व्यावहारिक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इनमें स्कूलों की 30 बालिकाएं व 10 बालक शामिल थे।

इस अभिनव पहल के अंतर्गत ग्राम हरफर एवं ग्राम गंगरेल के विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक, तकनीकी एवं संस्थागत स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।



भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम हरफर से हुई। इसके पश्चात ग्राम गंगरेल में विद्यार्थियों को बोट के माध्यम से गंगरेल डेम का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें डेम के निर्माण, जल प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था तथा इसके क्षेत्रीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

इसके बाद विद्यार्थियों ने गंगरेल स्थित साइंस पार्क का अवलोकन किया, जहां विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को सरल, रोचक एवं प्रयोगात्मक तरीके से समझने का अवसर मिला। इसके बाद कोलियारी स्थित मधुरिमा स्किल सेंटर में कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई। लाइवलीहुड कॉलेज के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेड्स, व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं करियर के अवसरों की जानकारी दी गई। भ्रमण के अंतिम चरण में कलेक्ट्रेट कार्यालय का दौरा कराया गया, जहां विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, विभिन्न विभागों की भूमिका एवं जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहरी ने कलेक्टर सभाकक्ष में स्कूली बच्चों से चर्चा कर उनसे अनुभव पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रश्नों के समाधान भी किए गए। देवेंद्र कुमार नेताम, वंदना मंडावी, विद्या यादव और नितेश कोर्राम ने अपने अनुभव साझा किए।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग की मधुमक्खी काटने से हुई मौत

**कांकर।** हल्बा चौकी थानांतर्गत बाड़ाटोला निवासी 65 वर्षीय वेद कुमारी कुंजाम पति गुयान को मौत मधुमक्खी काटने से 2 फरवरी को हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को मधुमक्खी ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सहायक शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी होने से बिखरी खुशी

पखांजूर। प्रदेश शिक्षक महासंघ जिला इकाई कांकेर के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लंबे समय से लंबित सहायक शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया को आखिरकार पूरा करते हुए सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। इस निर्णय से जिले भर के शिक्षकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। विगत लगभग तीन माह से लंबित इस मुद्दे को महासंघ द्वारा लगातार प्रमुखता से उठाया जा रहा था। इसी क्रम में विधायक विक्रम देव उसेंडी के संज्ञान में मामला लाया गया, जिसके बाद उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से दूरभाष पर चर्चा की। इसके पश्चात पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी आई और सूची जारी की गई। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग की थी। अधिकारियों के साथ सकारात्मक और सार्थक चर्चा के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हो सकी। यह सफलता महासंघ के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के समन्वित प्रयास, सक्रियता और निरंतर पहल का परिणाम मानी जा रही है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी पर पार्षद ने मांगी माफी

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में पार्षद तुषार ठाकुर द्वारा पत्रकारों के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उत्पन्न विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। विवाद बढ़ने के बीच पार्षद तुषार ठाकुर ने पत्रकारों से अपने बयान को लेकर लिखित माफी मांगी है। यह पूरा विवाद 2 अप्रैल को शहर के मुख्य चौक में आयोजित एसडीओपी हटाओ प्रदर्शन के दौरान सामने आया था। इस दौरान पार्षद तुषार ठाकुर ने सार्वजनिक मंच से पत्रकारों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें दलाल एवं चोर कहा।

प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित

# खैरा में साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम खैरा में परिक्षेत्र साहू समाज बानगर सिंगलद्वीप के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन सह आदर्श विवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू थे। उन्होंने अपने संबोधन में परिक्षेत्र द्वारा किए जा रहे कार्यों कैरियर गाइडेंस, समर कैंप और आदर्श विवाह की सराहना करते हुए युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।





जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेशराम साहू ने संगठन की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए समाज की एकजुटता और मजबूती पर जोर दिया। पूर्व महासचिव दयाराम साहू, संरक्षक चितरंजन साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मालक राम साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू एवं तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने नारी शक्ति की सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी की सराहना की। वक्ताओं ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और दिशाहीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमचंद साहू ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा करते हुए समाज में भाईचारा, सेवा और सहयोग की भावना को सर्वोपरि बताया। उन्होंने जन सेवा ही प्रभु सेवा है के संदेश के साथ समाज को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, नवोदय में चयनित बच्चों तथा नवनियुक्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर चेमन साहू बानगर एवं पायल साहू कातलबोड़ का आदर्श विवाह कराया गया। अतिथियों व समाजजनों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## खरतुली में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन

- जनपद क्षेत्र का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता : प्रकाश पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनपद सदस्य प्रकाश पवार के नेतृत्व में ग्राम खरतुली में जनभावना को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान ऐसे कार्यों की शुरुआत भी हुई, जिनका इंतजार ग्रामीण कई दशकों से कर रहे थे। प्रमुख कार्यों में राजबंधा तालाब तक पहुंचने वाले कच्चे मार्ग पर पिचिंग निर्माण, धुतीपारा में बहुप्रतीक्षित नाली निर्माण तथा भाटापारा में सीसी रोड निर्माण शामिल हैं। इन सभी कार्यों को 15वें वित्त आयोग और जनपद विकास निधि से स्वीकृति मिली है।



कार्यक्रम के दौरान प्रकाश पवार ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य अपने जनपद क्षेत्र का समग्र विकास करना है और इसके लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए आगे भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर सरपंच उमेश नेताम, उपसरपंच सुरेश सिन्हा, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भारत साहू, पूर्व जनपद सदस्य रोशनी पवार, नेमी साहू, अर्जुन साहू, तारण साहू, राजेंद्र साहू, पुनारद साहू, खिलानंद साहू, रोहित सिन्हा, कौशल्या साहू, ईश्वरी साहू सहित पंचायत के सभी सदस्य एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है : रामू

- रत्नाबांधा में 20 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रत्नाबांधा के शासकीय स्कूल परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से दो प्रमुख विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। शासकीय स्कूल परिसर में 10 लाख रुपये की लागत से टिन शेड निर्माण कार्य एवं सड़क निर्माण राजेश मीनपाल के घर से पीजी कॉलेज रोड की ओर 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल है।



मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और हमारी प्राथमिकता आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। स्कूल में टिन शेड बनने से बच्चों को सुविधा होगी और सीसी रोड से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा। हम क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कीर्तन मीनपाल ने कहा कि चुनाव के समय जो संकल्प हमने लिए थे, उन्हें आज धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। शिक्षा के मंदिर का विकास और गांव की सड़कों का सुदृढ़ीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। फकीरचंद वर्मा सरपंच ने कहा कि एक साथ 20 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिलने से गांव में विकास को एक नई गति मिलेगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, समाजसेवी दीपक ठाकुर ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर पूर्व सरपंच रामभागवत मीनपाल, रामसिंग मंडावी, दिलीप मीनपाल, जोहन पाल, उपसरपंच दादू लाल यदु, सचिव दधिचि अग्रवाल, रोजगार सहायक सुनीता मीनपाल, अंजलि मीनपाल, बिसाली ध्रुव, तेजेश्वरी मीनपाल, भूषण वर्मा, देवकुंवर साहू, वेणुका देवांगन स्कूल प्राचार्य, शाला विकास समिति के अध्यक्ष डोमन साहू समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

## हथबंद में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

साहू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हथबंद में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 4 से 12 अप्रैल तक आयोजित है। कथावाचक भागवत आचार्य ओमप्रकाश नंद महाराज एवं परायणकर्ता घनश्याम तिवारी महाराज हैं।

प्रथम दिवस घट स्थापना, गोकर्ण महात्म्य, द्वितीय दिवस सुखदेव जन्म एवं परीक्षित जन्म, तृतीय दिवस सृष्टि वर्णन, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र जड़ एवं भरत कथा, चतुर्थ दिवस अजामिल कथा पहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन एवं वमन अवतार, पंचम दिवस मत्स्य अवतार, श्री राम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा हुई। षष्ठम दिवस बाल लीला, माखन चोरी, दही लूट एवं गोवर्धन पूजा, सप्तम दिवस रामलीला श्री कृष्णा मथुरा गमन गंज वध एवं रुक्मणि विवाह होगा। अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, 24 गुरुओं का वर्णन, परीक्षित मोक्ष भगवत चढ़ोत्तरी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवम दिवस गीता ज्ञान, श्री विष्णु हवन, तुलसी वर्षा, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

## संत राम बालकदास ने गोवंश संरक्षण के लिए युवाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत संत राम बालक दास नगरी सिहावा पहुंचे। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान संत राम बालक दास ने गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं उनकी वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने लोगों को गोवंश के महत्व, भारतीय संस्कृति में उनकी भूमिका तथा उनके संरक्षण के लिए समाज की जिम्मेदारी के बारे में प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने क्षेत्र के गांव रक्षकों को अपने-अपने गांवों की स्थिति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



इस कार्यक्रम में डेविड, भारत, ओम, रेखराज, विकास पूनू, देवरथ, बंटी, हितू, नमन, हिमांशु कोसरे, हरिओम एवं निखिल सहित नगरी अंचल के अनेक युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए। युवाओं ने भी गो संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने और अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। लोगों ने गौ सम्मान आह्वान अभियान को सफल बनाने तथा गोवंश की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## जोरातराई (सी) बूथ में भाजपा का स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र के जोरातराई (सी) बूथ में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और उपलब्धियों को याद करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम है। उन्होंने सभी से बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने का आह्वान किया। पूर्व सरपंच सविता गंजीर ने पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी दुलार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने की अपील की। इस अवसर पर हेमलाल साहू, लोकनाथ साहू, हेमन्त साहू, मौरध्वज, दानीराम, द्वारिका प्रसाद, पीलू राम, योगेश्वर साहू, हीरासिंग साहू, योगेश्वरी साहू, इंद्राणी साहू, प्रतिभा साहू, ओमिन, बिसाहिन, जानकी साहू, संतोषी, गयाराम,लीलाराम समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।



## हमारी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी होनी चाहिए

- थूहा बंगोली में आयोजित सामाजिक चिंतन कार्यक्रम में वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम थूहा बंगोली में आयोजित सामाजिक चिंतन कार्यक्रम में दो विषयों पर चर्चा की गई। चर्चा का विषय था पहले हमारी जमीन और हमारा समाज, दूसरा शासन प्रशासन और हमारा प्रतिनिधित्व। वक्ताओं ने समाज की मानसिक गुलामी से आजादी पर जोर दिया।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में रघुनंदन साहू चारभाठा, एडवोकेट शत्रुघ्न साहू धमतरी, शगुन लाल वर्मा रायपुर, एडवोकेट भंजन जांगड़े डोमा रायपुर, एडवोकेट थानेश्वर तारक गोजी, जीवराखन मरई धमतरी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि मूल निवासी समाज आज धीरे-धीरे अपनी जमीन से बेदखल हो रहा है। आपके पास जमीन होगी तब सिर ऊंचा करके चल सकते हो। किस कारण से हमारे हक की जमीन खोती जा रही है। इस षड्यंत्र को हमें समझना होगा। हमारी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी होनी चाहिए। प्रतिनिधित्व का अधिकार होना चाहिए जो संविधान में निहित है लेकिन वास्तविक रूप से एससी-एसटी-ओबीसी समाज हक से वंचित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही जागरूकता आ सकती है। समस्त निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए, ताकि सबको निशुल्क शिक्षा मिले। कार्यक्रम का संचालन पंडित शंकर दादा ने किया। कार्यक्रम में संयोजकगण बसंत ध्रुव, रूपेंद्र बघेल, समारु सिन्हा, डॉक्टर रमेश भतपहरी, प्रदीप बघेल, भुनेश्वर साहू का सराहनीय रहा। आरपी संभाकर ने आभार व्यक्त किया।





मौके पर देवनाथ नेताम, रामेश्वर कुर्रे, डॉ रोहित कुर्रे, भरोसा राम ध्रुव, घनश्याम डहरे, जितेंद्र रात्रे, कोमल संभाकर, विनोद डिंडोलकर, खिलावन चतुर्वेदी, तेजेश्वर कुर्रे, परमानंद कुर्रे, रूमान सिंह कुर्रे, मोहन साहू, खिलेश्वर टंडन, गोपी राम ध्रुव, पवन कुमार साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**मौरीकला के महायज्ञ में वृंदावन, मथुरा, अमरकंटक एवं वाराणसी से पहुंचे साधु-संत**

# पूर्णाहुति के साथ श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम मौरीकला (गुफा) में 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन हवन पूर्णाहुति के साथ हुआ। यह महायज्ञ महंत श्री उमेशानंद गिरि के सान्निध्य में सम्पन्न किया गया। इस महायज्ञ में गणेशानंद महाराज (एमपी मंडल), महंत सत्यानंद गिरि महाराज, बालाजी माहेश्वरानंद गिरि महाराज, मारुति गिरि महाराज, भीम गिरि महाराज, गोकुल गिरि महाराज, रेवा गिरि महाराज सहित वृंदावन, मथुरा, अमरकंटक एवं वाराणसी से अनेक साधु-संतों का आगमन हुआ। संतों के आगमन से यज्ञ स्थल की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक बढ़ गई।





महायज्ञ के अंतिम दिवस सोमवार को हवन पूर्णाहुति के अवसर पर आसपास के गांवों एवं दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ यज्ञ में सहभागिता कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। यज्ञाचार्य पंडित मुकेश दीक्षित एवं सहयोगी ऋत्विक पंडित गजेंद्र शर्मा, पंडित श्रवण शर्मा एवं पंडित हेमंत महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूर्णाहुति सम्पन्न कराई गई। यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र की वैदिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को पुनः जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी सिद्ध हुआ।

इस आयोजन में गुरु-शिष्यगण एवं यजमानों के रूप में ताराचंद, अरविंद तेजेश, क्रांति, राजेन्द्र, गीता, प्रसाद, रोशन, शिवानंद, इंदु, डॉ. चंद्रहास साहू, भूपेन्द्र सहित अनेक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त सरपंच वीणा साहू, तुलेन्द्र साहू, चेमन यादव, रिकेश निषाद, सावंत साहू, उमेश साहू, उसराम, पवन साहू, विमल, घनश्याम, टीकाराम, भागी, महेन्द्र, कामता समेत ग्रामवासियों का योगदान रहा।

## आरसीबी ने जीता प्लास्टिक बाल क्रिकेट का फाइनल मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 2 में प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें भखारा की टीम आरसीबी ने फाइनल मैच जीता। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भूपेंद्र यादव पार्षद, मयंक जैन, दानेश्वर साहू, डॉक्टर बनपेला, ओंकार साहू, अर्जुन दीवान थे। मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि खेल जीवन का बहुमूल्य हिस्सा है। खेल मेल कराता है। मयंक जैन ने कहा कि खेल से जीवन में उत्साह आता है। मौके पर प्रतीक तिवारी, पंकज साहू, यमन साहू, भानुप्रताप, भारत सेन, भूपेंद्र सेन, अमन , शेखर , यशराज, लकी आलिया, तमन्ना, अक्षांश, अयांश समेत नगरवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मजदूर विरोधी नीतियों का किया पुतला दहन



**कांकेर।** मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 8 अप्रैल को कांकेर के पुराना बस स्टैंड में नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन और राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए पुतला का दहन किया। पुतला दहन के बाद यूनियन के तरफ से उप मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इनकी माँग है कि सम्मानजनक वोतन भुगतान करने, श्रम कानून के तहत सभी सुविधाओं को लागू करने, प्रत्येक माह के 10 तारीख को वेतन भुगतान किया जाए।

### भाजपा का गांव चलो घर चलो अभियान आज से

**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के अव्हान और भाजपा जिला कांकेर के निर्देशन में धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत गांव चलो घर चलो अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत आज 9 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सीधे ग्रामीणों से संवाद करेंगे। अभियान के प्रथम चरण के लिए निर्धारित रूपरेखा के अनुसार, ग्राम पंचायत कोदागांव में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, जनपद सदस्य पंचूराम नायक और अजाजा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोती राम नाग उपस्थित रहेंगे।

### टीचर्स एसोसिएशन का सम्मेलन 12 को दुर्ग में



**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दुर्ग में 12 अप्रैल को एक विशाल प्रांतीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन शिक्षकों की लंबित मांगों,पेंशन की विसंगतियों, शिक्षक सम्मान और शिक्षा की गुणवत्ता पर केंद्रित होगा। सम्मेलन में शिक्षकों की लंबित मांगें, पेंशन विसंगतियां, पदोन्नति, टीईटी और शिक्षा की गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

छग कोसरिया यादव समाज कुरूद क्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन भखारा में हुआ

# दो जोड़ों का आदर्श विवाह, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

छग कोसरिया यादव समाज कुरूद क्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन, आदर्श विवाह महिला सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान नगर पंचायत भखारा के मिनी स्टेडियम में हुआ।

प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन रही। अध्यक्षता यादव समाज के उपाध्यक्ष संतोष यादव ने की। पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के साथ यादव समाज की महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कलशयात्रा निकाली और राऊत नृत्य सिंगदेही के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान गौ सेवकों का सम्मा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। रात्रि में सामाजिक चर्चा हुई। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव कैबिनेट मंत्री थे। अध्यक्षता लीलाराम यादव अध्यक्ष यादव समाज कुरूद ने की। कार्यक्रम में दो जोड़ों का आदर्श विवाह हुआ। इस दौरान समाजजनों ने ब्लाक स्तरीय बैठक के लिए भवन की मांग रखी। मुख्य अतिथि श्री यादव ने अपने उद्बोधन में संगठन, शिक्षा पर जोर दिया साथ ही स्वरोजगार से अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर जानकारी दी। मंत्री ने सिहादभाठा में भवन देने की घोषणा की। साथ ही राऊत नाचा थुहा, राऊत नाचा रामपुर, जय श्री कृष्ण राऊत नाचा सिंगदेही को वाद्ययंत्र व वेशभूषा के लिए 40 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की। यादव समाज के उपाध्यक्ष संतोष यादव रामपुर नेआभार व्यक्त किया।

## आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने महासभा के लिए मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



- 11 अप्रैल को गट्टासिल्ली के पुरानी मंडी प्रांगण में होगा महाधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

तहसील आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का महाधिवेशन, वार्षिक महासभा का आयोजन 11 अप्रैल को गट्टासिल्ली के पुराना मंडी प्रांगण और रीपा भवन में होगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए तहसील आदिवासी ध्रुव गोंड समाज नगरी ने आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के चेयरमेन विकास मरकाम की अगुवाई में वार्षिक सम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वन मंत्री को निज निवास राजधानी रायपुर पहुंचकर आमंत्रित किया। उनके आमंत्रण को मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री ने सहज स्वीकार किया।

इस दौरान आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैया, सुरेश ध्रुव कोषाध्यक्ष तहसील समाज नगरी, सियाराम नेताम अध्यक्ष गट्टासिल्ली, संजय मरकाम अध्यक्ष युवा प्रभाग सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी में पहले दिन 100.50 क्विंटल चने की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कृषि उपज मंडी प्रांगण नगरी में चना फसल की खरीदी हुई। इस दौरान मंडी परिसर में किसानों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिली, जहां निर्धारित मापदंडों के अनुसार चना की तौल एवं गुणवत्ता परीक्षण कर खरीदी की गई।

खरीदी कार्य के दौरान मंडी अध्यक्ष नरेंद्र नाग, सहकारी समिति नगरी के प्रबंधक वासुदेव साहू, सर्वेयर एवं क्वालिटी इंस्पेक्टर मयंक पाठक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लाकेश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरके कोर्राम तथा कृषि विभाग नगरी के तकनीकी प्रबंधक हिमांशु हरिहरण उपस्थित थे।

पहले दिन कुल 100.50 क्विंटल चने की खरीदी की गई जिसे 24 किसानों ने मंडी लाए थे। उन्हें शासन द्वारा निर्धारित 5875 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य प्रदान किया जाएगा।

मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। यह भी जानकारी दी गई कि जिन किसानों की चना फसल किसी कारणवश बुधवार को विक्रय नहीं हो पाया है, वे 11 अप्रैल 2026 को पुनः मंडी पहुंचकर अपनी शेष फसल का विक्रय कर सकते हैं।

# बेलरगांव में भाजपा के गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शंखनाद

- घर-घर जाकर दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



भाजपा के स्थापना दिवा पर प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित गांव चलो-बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ बेलरगांव मंडल के ग्राम बेलरगांव से किया गया। इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों और पार्टी के मूल सिद्धांतों से जनता को अवगत करा रहे हैं।

अभियान के पहले दिन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से भेंट की। हटवारापारा में लिखन साहू के निवास पर कृषक उन्नति योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। लल्लू साहू के घर जाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ और उससे किसानों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया गया। शीतलापारा में रामजी यादव और कृष्ण पटेल के घर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की सुविधा पर चर्चा हुई, जिससे लाभार्थियों ने खुशी जाहिर की।

नारी शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली महतारी वंदन योजना के संबंध में सुशीला साहू, जामुन साहू और श्रीमती कृपा साहू से मुलाकात की गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें योजना की निरंतरता और भाजपा की महिला-हितैषी नीतियों के बारे में बताया।

संपर्क के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप और मंडल अध्यक्ष हुमीत कुमार लिमजा ने बताया कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय यानी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 12 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान कोई भी घर अछूता न रहे।

इस अवसर पर महामंत्री दीपक साहू, अभियान के संयोजक उमेश साहू, सहसंयोजक अमरसिंह पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष लिलेश प्रजापति, भुवनदास मानिकपुरी, शिवकुमार साहू पंच, गिरधर साहू, डोमार साहू, बृजलाल साहू, श्रीमती कौशिल्या नाग सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जोरातराई (सी) में 11.50 लाख के शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



- सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत जोरातराई (सी) में कुल 11.50 लाख रुपये की लागत से दो महत्वपूर्ण शेड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इसमें 10 लाख रुपये जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड से कबीर भवन के सामने तथा 1.50 लाख रुपये जनपद अध्यक्ष निधि से शीतला भवन के पास शेड निर्माण कार्य शामिल है। दोनों कार्य क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से स्वीकृत हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की सक्रिय पहल से ग्रामों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेड निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और गांव का समग्र विकास होगा। अति विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन ने भी विधायक चंद्राकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रीति साहू ने की। इस दौरान पूर्व सरपंच सविता गंजीर, शिक्षक दयालुराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष यीशु साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## बालाजी कॉलोनी में 20 लाख से बनेगा सीसी रोड



धमतरी। अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड स्थित बालाजी कॉलोनी में ढालू यादव के घर से मनीष यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूम पूजन हुआ। लगभग 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य

अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, पार्षद हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल, विजय साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। सड़कों का विकास किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार होता है। बालाजी कॉलोनी में सीसी रोड बनने से लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से भी नागरिकों को निजात मिलेगी। पार्षद ईश्वर सोनकर एवं वार्डवासियों ने इस कार्य के लिए महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया।

## भालूझुलन फूड पार्क विवाद सुलझने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



- प्रशासन-ग्रामीण संवाद से निकला रास्ता

लंबे समय से विवादों में घिरे भालूझुलन फूड पार्क प्रोजेक्ट में अब गतिरोध टूटने के संकेत मिल रहे हैं। जिस परियोजना को लेकर ग्रामीण और प्रशासन आमने-सामने थे, वहीं अब बातचीत के जरिए समाधान की दिशा बनती नजर आ रही है। उद्योग विभाग द्वारा रोजगार और उद्यम विकास के उद्देश्य से ली गई शासकीय भूमि पर काम शुरू होते ही ग्रामीणों ने निस्तार भूमि कम होने की आशंका जताते हुए निर्माण रुकवा दिया था।

प्रशासन का दावा है कि भूमि का आवंटन पूरी तरह विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप रहा कि चारागाह, गौठान और श्मशान जैसी मूलभूत जरूरतों की जमीन प्रभावित हो रही है। यही टकराव अब तक परियोजना में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ था।

### सैटेलाइट इमेज से खुली परतें

बुधवार को कुरुद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नभसिंह कोसले और तहसीलदार सूरज बंछोर ने स्थिति को संभालने के लिए सीधा संवाद का रास्ता चुना। ग्राम के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई लंबी बैठक में प्रशासन ने सैटेलाइट इमेज के जरिए गांव की पूरी शासकीय भूमि का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसमें गोठान, चारागाह, खेल मैदान, श्मशान, रिक्त आबादी भूखंड और अन्य उपलब्ध जमीन को स्पष्ट रूप से दिखाया गया। इस तकनीकी प्रस्तुति ने कई भ्रम दूर किए।

### प्रतिनिधिमंडल संतुष्ट, अब गेंद ग्रामीणों के पाले में

बैठक में उदयराम साहू, रामाधार कंवर, संतोष यादव, माणिक पटेल और मंशाराम साहू ने ग्रामीणों की ओर से अपनी बात रखी। प्रशासनिक पक्ष से मिले आश्वासन और तथ्यात्मक जानकारी के बाद प्रतिनिधिमंडल संतुष्ट नजर आया। उन्होंने गांव लौटकर अन्य ग्रामीणों से चर्चा कर जल्द ही सहमति बनाने और कार्य पुनः शुरू कराने की दिशा में पहल करने की बात कही है।

### क्या अब पटरी पर लौटेगा प्रोजेक्ट

हालांकि अंतिम फैसला अभी ग्रामीणों की सामूहिक सहमति पर टिका है, लेकिन जिस तरह संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ी है, उससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि भालूझुलन फूड पार्क का रुका हुआ काम जल्द ही फिर शुरू हो सकता है। अब देखना यह होगा कि यह सहमति जमीनी स्तर पर कितनी जल्दी आकार लेती है और क्या यह बहुप्रतीक्षित परियोजना वास्तव में रोजगार के नए द्वार खोल पाती है।

# खेल पखवाड़ा में 300 से ज्यादा महिलाओं ने दिखाया दमखम



- खेलों के प्रति जनजागरूकता लाने में मातृशक्तियों की भूमिका महत्वपूर्ण : राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




खेल पखवाड़ा के तहत मिशन मैदान में आयोजित महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं में शहर सहित ग्रामीण अंचलों की 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजेश शर्मा द्वारा आयोजित इस श्रृंखला में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया।

प्रतियोगिता में नींबू-चम्मच दौड़, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, बिल्लस और रस्सी दौड़ जैसी पारंपरिक खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों में जीत का उत्साह और उमंग साफ दिखाई दिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर आयोजक राजेश शर्मा ने कहा कि खेलों के प्रति जनजागरूकता लाने में मातृशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उनके माध्यम से ही समाज में स्वस्थ, सक्षम और मजबूत पीढ़ी का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि यह खेल पखवाड़ा समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। मौके पर मुख्य सलाहकार हेमलता शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्राची सोनी एवं हर्षा महेश्वरी ने किया।

## भाजपा के कार्यकाल में हुआ प्रदेश का विकास




**अंवरी।** ग्राम बगदेही में भाजपाइयों द्वारा 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। महिला बाल विकास सभापति सिन्धु बैस जनपद पंचायत कुरुद ने पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया। आगे कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश का विकास हुआ। मौके पर सरपंच अनुसुइया ध्रुव, नोहर साहू, समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

### वॉटर एम्बुलेंस से डुबानवासियों को राहत



**धमतरी।** गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र में वॉटर एम्बुलेंस सेवा शुरू होने पर युवा मोर्चा जिला महामंत्री जितेश सिन्हा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सेवा डुबान क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है। अब मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। पहले 50 किमी का सफर करना पड़ता था, जो अब घटकर मात्र 7 किमी रह गया है। मरीज 45 मिनट में जिला अस्पताल पहुंच सकेंगे। इस सेवा से 7 पंचायतों के 32 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

### 10 अप्रैल को फिर होगा हिंदी का पेपर

- कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्रों का वितरण शुरू

**धमतरी।** 12वीं बोर्ड की हिन्दी परीक्षा दोबारा आयोजित किए जाने को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। 10 अप्रैल को होने वाली पुनः परीक्षा के लिए बुधवार को प्रश्न पत्रों का वितरण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शिवसिंह वर्मा गर्ल्स स्कूल से विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्न पत्र रवाना किए गए। उल्लेखनीय है कि 14 मार्च को आयोजित हिंदी विषय की परीक्षा को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने निरस्त कर दिया था। परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने की शिकायत सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। अब दोबारा परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। धमतरी जिले के कुल 82 परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित होगी, जहां सुरक्षा और गोपनीयता के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने सभी केंद्राध्यक्षों और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पुनः परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में भी उत्साह के साथ-साथ सतर्कता देखी जा रही है। प्रशासन का प्रयास है कि इस बार परीक्षा पूरी पारदर्शिता और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

### दिल्ली में प्रदर्शन के बाद शिक्षक लौटे

**पखांजुर।** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल होकर लौटे कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के सैकड़ों शिक्षकों की वापिसी हुई, जिनका स्वागत किया गया। कोयलीबेड़ा विकासखंड के शिक्षक भी एकजुट होकर इस आंदोलन में पहुंचे और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। दिल्ली से लौटे इस शिक्षक दल का नेतृत्व जिला उप संचालक अशोक मृधा ने किया। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि यह नियम वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

## राजस्व पखवाड़ा शिविरों से ग्रामीणों को मिल रहा त्वरित समाधान

# 2,950 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले की सभी तहसीलों में आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 जून 2026 तक तीन चरणों में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा जैसे प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

प्रथम चरण (1 से 15 अप्रैल) अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पटवारी एवं लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 85 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 4,200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2,950 से अधिक प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया है, जबकि शेष प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई जारी है। इस दौरान लगभग 3,500 से अधिक हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए हैं। शिविरों में राजस्व अमला, पटवारी, आरआई एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा मौके पर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा शिविर शासन की जनहितकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को उनके गांव में ही त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले। उल्लेखनीय है कि शिविरों का दूसरा चरण 4 से 18 मई तथा तीसरा चरण 1 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

## काजल नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल, आवागमन होगा सुगम

- जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा के प्रयास से मिली 6.6 करोड़ की स्वीकृति
- पुल निर्माण के बाद नगरी से गरियाबंद की दूरी घटकर रह जाएगी मात्र 35-40 किमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी/धमतरी



जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के विशेष प्रयास से नगरी-जबर्रा मार्ग पर काजल (कलस) नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए राज्य शासन ने 6 करोड़ 62 लाख रुपये (लगभग 6.6 करोड़) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

बरसात के दिनों में नदी में जलस्तर बढ़ने से नगरी और आसपास के गांवों का संपर्क बाधित हो जाता था, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पुल निर्माण के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी और लोगों को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि यह पुल क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस पुल के निर्माण हो जाने से नगरी से गरियाबंद की दूरी महज 35 से 40 किलोमीटर ही रह जाएगी, जिससे क्षेत्रीय संपर्क और भी मजबूत होगा। साथ ही नगरी-जबर्रा मारागांव मार्ग सहित बिंद्रा नाला के निर्माण को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की संवेदनशीलता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज यह महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत हुआ है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सभी आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पारदर्शी ढंग से संपादित किया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। पुल निर्माण से न केवल दूरी कम होगी, बल्कि नगरी और गरियाबंद के बीच आर्थिक, सामाजिक और व्यापारिक संबंध भी और मजबूत होंगे।

### भोथली स्कूल में साइकिल शेड निर्माण का भूमिपूजन

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली परिसर में साइकिल स्टैंड शेड का भूमिपूजन हुआ। भोथली जनपद सदस्य दिलीप सेन ने अपने मद से 2 लाख 24 हजार रुपए के साइकिल शेड निर्माण की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि अब छात्रों व शिक्षकों के वाहन को सुरक्षा मिलेगी। ज्ञात हो कि शेड नहीं होने से धूप व बारिश में शिक्षकों व छात्रों को अपनी साइकिल व गाड़ी बाहर में खड़ा करना पड़ता है।

## मोदी सरकार में हज प्रक्रिया हुई आसान : रामू रोहरा



- जैनब पैलेस में धमतरी एवं कांकेर जिले के हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ हज कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय जैनब पैलेस में धमतरी एवं कांकेर जिले के हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने हज यात्रा के महत्व और वर्तमान व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला।

महापौर ने कहा कि पहले हज यात्रा के लिए देशभर से लाखों आवेदन आते थे, लेकिन सीमित कोटा के कारण चयन लॉटरी प्रणाली से किया जाता था, जिससे कई लोगों को वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा हज प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और सुगम बनाया गया है। अब आवेदन प्रक्रिया व्यवस्थित होने के साथ अधिक से अधिक पात्र लोगों को यात्रा का अवसर मिल रहा है, जिससे मुस्लिम समाज को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ से 800 से अधिक हज यात्री पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। महापौर ने हज यात्रा को अनुशासन, धैर्य और त्याग का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और मानवता की सेवा का संदेश देने का अवसर भी है। इस अवसर पर हज यात्रियों को आवश्यक सामग्री एवं मार्गदर्शिका भी वितरित की गई, जिससे वे अपनी यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सफल बना सकें।

## गायत्री महायज्ञ में 214 परिजनों के विभिन्न संस्कार हुए

- सोरिद इकाई में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





सोरिद इकाई में चार दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। चार दिन में कुल 214 परिजनों के विभिन्न संस्कार संपन्न हुए।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि अंतिम दिवस पांच कुण्डीय यज्ञ के साथ गुरु दीक्षा एवं विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया गया।

कथावाचक परमानंद महाराज ने कहा कि गुरु दीक्षा से मनुष्य मानव से महामानव बन जाता है। प्राचीनकाल में हमारे देश में 3600 गुरुकुल आश्रम थे जहां शिक्षा के साथ विद्या, नैतिक शिक्षा एवं व्यावहारिक शिक्षा दी जाती थी जहां बच्चे संस्कारवान, गुणवान, चरित्रवान बनते थे। आयोजन समिति के प्रमुख चेतन साहू ने बताया कि चार दिनों में कुल 214 लोगों का संस्कार कराया गया जिसमें गुरु दीक्षा 18, पुंसवन 25, विद्या आरंभ 139, विवाह दिवस संस्कार 30, मुंडन संस्कार 2 हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, डाक बंगला वार्ड की पार्षद श्रीमती सुमन मेश्राम एवं जोधपुर वार्ड पार्षद विशु देवांगन, उगेश बंसोर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित नारायण कौशिक एवं आभार प्रदर्शन महिला मण्डल की वरिष्ठ श्रीमती रीता बाण्डे ने किया।

## महिला मोर्चा ने रुद्री में लगाई जनचौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा महिला मोर्चा जिला धमतरी द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम रुद्री में जन चौपाल का आयोजन जिलाध्यक्ष अनीता यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी तनु मिश्रा उपस्थित थीं।

इस अवसर पर तनु मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। महिला सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जनचौपाल के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने किया। मौके पर श्यामा साहू, जिला उपाध्यक्ष रूक्मणि सोनकर, संगीता जगताप, पवित्रा देवान, अनीता सोनकर, पूजा कुंजाम, धनमती साहू, किरण सोनी, दमयंती गजेंद्र, डॉली सोनी, लक्ष्मी बया, अनीता वर्मा, रीता सोनी, सत्यप्रभा साहू, मुकेश यादव, किशोर साहू, सरोज सोनवानी समेत अन्य मौजूद थे।

**ईंधन बचत में मिसाल बना धमतरी निगम, खर्च घटाने सख्त कदम**

## ई-रिक्शा से निगम पहुंची सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बढ़ती चुनौतियों के बीच नगर निगम ने संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और ईंधन बचत को लेकर सराहनीय पहल शुरू की है। निगम के कई वाहनों के एक साथ खराब होने के बावजूद प्रशासन ने कामकाज को प्रभावित किए बिना व्यवस्था बनाए रखी है। इसी कड़ी में मंगलवार को निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचीं, जो सादगी और जिम्मेदारी का सकारात्मक संदेश देता है।

महापौर रामू रोहरा भी पिछले कई दिनों से स्वयं के वाहन से निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि निगम सभापति, आयुक्त और उपायुक्त समेत कई अधिकारियों के वाहन मरम्मत के लिए भेजे गए हैं। इसके बावजूद सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। महापौर ने जानकारी दी कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता प्रभावित हुई है, ऐसे में निगम ने ईंधन खपत में कटौती का निर्णय लिया है। पहले जहां प्रतिदिन 350 से 400 लीटर ईंधन की खपत होती थी, उसे घटाकर 100 से 200 लीटर तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल खर्च में कमी आएगी, बल्कि संसाधनों का संतुलित उपयोग भी होगा। निगम प्रशासन का यह कदम आर्थिक अनुशासन और जनहित के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन बचत और वैकल्पिक व्यवस्थाओं को अपनाकर धमतरी निगम एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

**वाहन खराब, सभापति ने 4 दिन में मांगा जवाब**

सभापति कौशल्या देवांगन इन दिनों ऑटो से निगम कार्यालय पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने वाहन खराब होने और गेराज में मरम्मत का हवाला दिया है। इस पर उन्होंने लिखित आवेदन देकर 4 दिन के भीतर स्पष्ट जवाब मांगा है कि वाहन अब तक ठीक क्यों नहीं हुआ। सभापति ने कहा कि जिम्मेदारों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा में जवाब नहीं मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपर कलेक्टर पवन प्रेमी की अवकाश अवधि में उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों को अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी को पूर्व में सौंपे गए कार्यों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार अस्थायी रूप से सौंपा है।

श्रीमती देवहारी को वित्त स्थापना शाखा, नाजरात, सांख्यिकी लिपिक, राजस्व कार्यालय, न्यायालयों का निरीक्षण, पर्यवेक्षण राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नजूल अधिकारी के सम्पूर्ण दायित्वों का निर्वहन, धारा-109, 110 के तहत नामांतरण, नवीनीकरण, कर निर्धारण का दायित्व सौंपा गया है। उन्हें उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य, स्थानीय निर्वाचन), नोडल अधिकारी परीक्षा शाखा, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, स्थगन, ध्यानाकर्षण प्रश्नों का समयावधि में सक्षम अधिकारी से अनुमोदन कराकर निराकरण करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। रोस्टर अनुसार जिला कार्यालयों की शाखाओं एवं सभी अधीनस्थ राजस्व विभाग के कार्यालय का निरीक्षण, स्टेशनरी एवं प्रपत्र, प्रभारी अधिकारी आबकारी विभाग, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वान, ई-डिस्ट्रिक्स, सीएससी, चॉईस परियोजना एवं लोकसेवा केन्द्र तथा जिले के आईटी से संबंधित सभी कार्यों के लिए पदेन सचिव एवं प्रभारी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस, वेब इनफार्मेशन, मैनेजर, प्रभारी अधिकारी एनआईसी का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य शामिल हैं।




### सड़क, स्वास्थ्य समेत कई मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे ग्रामीण

## आजादी के 78 साल बाद भी साहनीखार में नहीं पहुंची विकास की किरणें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लॉक के ग्राम साहनीखार में आजादी के 78 साल बाद भी विकास की बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। ग्रामीण पानी, बिजली, सड़क, शौचालय और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीण विभागीय अधिकारी को कई बार आवेदन दे चुके हैं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

मंगलवार को ग्रामीण सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर चक्काजाम और आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राम लटियारा के सरपंच रूपेश कुमार ध्रुव, बीरबल नेताम, रामगुलाल नेताम, युवराज सेन और दिलीप कुमार मंडावी ने बताया कि साहनीखार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जुड़ावन दास बैरागी का गांव है। इसके बावजूद यहां विकास नहीं हो पाया है। साहनीखार से सेमरा सिहावा मुख्य मार्ग की दूरी करीब किमी है, लेकिन यह सड़क पिछले 25 वर्षों से जर्जर हालत में है। बारिश में सड़क कीचड़ से सराबोर हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में परेशानी होती है। कई बच्चों ने पढ़ाई भी छोड़ दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग से उन्हें धमतरी जिला मुख्यालय, नगरी ब्लॉक और बाजार तक आना-जाना पड़ता है। बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में भी भारी दिक्कत होती है। किसानों को फसल मंडी तक पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क मरम्मत की मांग कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज